शीतोष्ण फलों का नर्सरी प्रवर्धन

एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, अमरतारा काटेज, शिमला-171004 ने किसानों को "शीतोष्ण फलों का नर्सरी प्रवर्धन" विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चौंकी (निहरी), जिला मंड़ी, हिमाचल प्रदेश में दिनांक 23.02.2016 को किया गया ! कार्यक्रम का उदघाटन डॉ. कंवर गुलेरिया ने किया, उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रगतीशील किसान/बागवान भाईयों का आहवान किया कि वे तकनीकी जानकारी हेतु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों से जुड़ें तथा नई नई तकनीकों का प्रयोग कर अधिक कर अधिक उत्पादन एवं लाभ प्राप्त करें ! इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष एवं मुख्य अन्वेशक, डॉ. कल्लोल कुमार प्रमाणिक ने शीतोष्ण फलों की नर्सरी तैयार करने के बारे में जानकारी दी तथा स्वस्थ एवं रोगमुक्त पौध तैयार करने पर जोर दिया ! उन्होनें बागवानों को अपने मूलवृन्त तैयार करने का सुझाव दिया क्योंकि बाहर से आने वाले मूलवृन्तों के साथ कीट एवं बीमारी आने की सम्भावना बनी रहती है ! डॉ. अरूण कुमार शुक्ला, प्रधान वैज्ञानिक ने कीवी फल एवं अनार के पौध तैयार करने के सरल तरीके बताए एवं नर्सरी में जीवाणु-युक्त खाद देने के तरीके पर प्रकाश डाला ! श्री जितेन्द्र कुमार, तकनीकी सहायक ने प्रवर्धन में प्रयोग की जाने वाली सामग्री के बारे में किसानों को अवगत करवाया ! कार्यक्रम के अतिथि, डॉ. नीना ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, हि.प्र. राज्य विज्ञान एवं तकनिकी परिषद, शिमला ने किसानों को सम्बोंधित करते हुए नर्सरी उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डाला एवं राज्य विज्ञान एवं तकनिकी परिषद की भूमिका के बारे में किसानों को अवगत करवाया ! प्रशिक्षण में किसानों को व्यावहारिक एवं प्रायोगिक जानकारी भी दी गई ! इस शिविर में 100 से भी अधिक किसानों तथा बागवानों ने भाग लिया ! इस दौरान केंद्र के वैज्ञानिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे ! किसानों को प्रमाणपत्र एवं प्रशिक्षण पुस्तिका भी प्रदान किये गये ! कार्यक्रम में औपचारिक स्वागत डॉ. अरूण कुमार शुक्ला तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री सुनील कुमार गर्ग ने दिया !

भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केन्द्र, अमरतारा कॉटेज, शिमला - 171004
"शीतोष्ण फलों का नर्सरी प्रबन्धन"
विषय पर कृषक प्रशिक्षण
दिनांक : 23 फरवरी, 2016

2246 मीटर